BSNL
Connecting India Faster

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	पायनियर	Page No:	9
Place:	नई दिल्ली	Date:	1/7/2017

बीएसएनएल से हर माह जुड़ रहे डेढ़ लाख नए उपभोक्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संचार की दुनिया में जियो की दखलअंदाजी की रफ्तार धीमी पड़ने लगी है। बीएसएनएल ने अपने उपभोक्ताओं पर उपहार की बौछारें करके अपना दबदबा वापस पाना शुरू कर दिया है। एक बार फिर उपभोक्ता बीएसएनएल से जुड़ने लगे हैं। पिछले तीन माह से करीब डेढ़ लाख उपभोक्ता हर माह बीएसएनएल से जुड़ रहे हैं। करीब साल भर पहले जीयो की फ्री कॉलिग और नेट की सुविधा के चलते बड़ी संख्या में लोग इसकी ओर आकर्षित हुए थे और अन्य मोबाइल कम्पनियों को काफी नुकसान पहुंचा था। बीएसएनएल कम्पनी के अधिकारियों के अनुसार नवम्बर और दिसम्बर में बीएसएनएल को नए उपभोक्ताओं के मामले में काफी नुकसान हुआ था। इसके अलावा बीएसएनएल को वित्तीय नुकसान भी उठाना पड़ा था। बीएसएनएल सहित अन्य कम्पनियों को नए उपभोक्ता नहीं मिल रहे थे। लेकिन बीएसएनएल की आकर्षिक योजनाओं और ऑफर उपभोक्ताओं को लुभाने में कामयाब हुए।

पिछले तीन माह से होने लगा लाभ

बीएसएनएल के जीएम (मार्केटिंग) के सतीश कुमार ने बताया कि बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की जरूरत को देखते हुए कई नए ऑफर चलाए गए। जिससे काफी अंतर आया है। उत्तर प्रदेश पूर्वी दूर संचार परिमडंल में अप्रैल माह में करीब सवा लाख नए उपभोक्ता जुड़े । वहीं मई में डेढ़ लाख उपभोक्ताओं ने भी बीएसएनएल को ही चुना। जून के माह में भी यह आंकड़ा डेढ़ लाख तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए लगातार नए ऑफर लाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं की जरूरत को देखते हुए लगातार रिसर्च भी जारी हैं। जिसके परिणाम जल्द ही दिखेंगे।

बीएसएनएल
भारत को जोड़े
तेजी से

बढ़ने लगा रेवन्यू

बीएसएनएल को अप्रैल, मई, जून माह में करीब 2.3 प्रतिशत रेवन्यू का लाभ पहुंचा है। अधिकारियों के अनुसार जिनके पास बीएसएनएल का सिम था वह उसको रिचार्ज नहीं करा रहे थे। जिससे बीएसएनएल को रेवन्यू में भारी घाटा हो रहा था। लेकिन अन्य कंपनियों की तुलना में बीएसएनएल की आकर्षक योजनाओं ने ग्राहकों को अपनी ओर खींचा है जिसका बीएसएनएल को लाभ हो रहा है।